दिनांक : 16.03.2025 समय : 02.10PM

# आकाशवाणी, भोपाल
## दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री-रायसीना डायलॉग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ रायसीना डायलॉग 2025 का उद्घाटन करेंगे। रायसीना डायलॉग का यह दसवां संस्करण 19 मार्च तक चलेगा। इस आयोजन में शामिल देश वर्तमान भू-राजनीतिक और भू- आर्थिक समेत कई मुद्दों पर चर्चा करते हैं। हर वर्ष इस बैठक में विभिन्न देशों के उच्च स्तरीय अधिकारी, नीति-निर्माता, उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्ति, पत्रकार हिस्सा लेते हैं और वैश्विक स्थिति तथा विभिन्न समकालीन मुद्दों पर सहयोग के अवसर तलाशने पर चर्चा करते हैं।

प्रधानमंत्री पॉडकास्ट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से आज प्रसारित होने वाले लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत का अपना पॉडकास्ट साक्षात्कार सुनने का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि श्री फ्रिडमैन के साथ उनकी बहुत अच्छी बातचीत हुई। इस बातचीत में श्री मोदी के बचपन, हिमालय में बिताए गए समय और सार्वजनिक जीवन समेत कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री मऊगंज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मऊगंज जिले में शाहपुर थाना क्षेत्र के गड़रा गांव में दो गुटों के आपसी विवाद की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस टीम पर हमले में पुलिस के एएसआई के शहीद होने पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राज्य सरकार की शोक संवेदनाएं शोककुल परिजनों के साथ हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डीजी पुलिस को मौके पर पहुंचकर पर्यवेक्षण के लिए निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमानवीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटना के सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। घटना में घायल अन्य पुलिसकर्मियों को उपचार के लिए रीवा चिकित्सालय भेजा गया है।

फिट इंडिया अभियान-मांडविया

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज सुबह अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट पर "फिट इंडिया - रविवार को साइकिल पर" अभियान में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि साइकिल चलाने से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाना मोटापे से निपटने का एक प्रभावी तरीका हो सकता है और यह लोगों में फिट रहने के लिए जागरूकता भी पैदा कर सकता है।

'फिट इंडिया-रविवार को साइकिल पर' कार्यक्रम का आयोजन युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा भारतीय साइकिलिंग महासंघ और मेरा युवा भारत के सहयोग से किया जाता है।

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस

आज देशभर में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूकता बढाने के लिए हर वर्ष 16 मार्च को मनाया जाता है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया है कि देश के प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य हासिल करने के लिए टीकाकरण अनिवार्य है। मंत्रालय ने बताया है कि राज्य सरकारों और समर्पित अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सरकार बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए प्रतिबद्ध है।

समाचार संक्षेप में :-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी। मुख्यमंत्री ने उप राष्ट्रपति से मार्गदर्शन भी प्राप्त किया।

- मुरैना जिले में भाईदूज का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जिले के सभी जेलों पर पहुंची बहनों ने भाइयों को टीका किया, जेल प्रशासन ने इस पर्व के लिये विशेष व्यवस्था की है।

- पन्ना जिले में ग्राम पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन के लिए प्लास्टिक बैंक बनाए जा रहे हे। जनपद पंचायत क्षेत्र की सभी 84 ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक कचरा मुक्त कराए जाने को लेकर रैली निकाली गई और जूट और कपड़े के थैले बांटकर स्वच्छ भारत मिशन का सन्देश दिया गया।

- ग्वालियर में 22 मार्च से 29 मार्च तक पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में आयोजित होगा। इसमें विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को सस्ती दर पर स्कूली पुस्तकें, कॉपियाँ एवं स्कूल में उपयोग होने वाली अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी।

- आगरमालवा जिले के नलखेड़ा में 20 मार्च से 10 अप्रेल तक 21 दिवसीय सरस्वती माता धार्मिक मेला आयोजित होगा।

-------